पूजा और सजावट सामग्री की सज गईं दुकानें

दीपावली धनतेरस पर्व की दिखाई देने लगी रौनक

गाडरवारा, देशबन्धु। दीपावली धनतेरस पर्व की तैयारीया जोर-जोर से चल रही है। पूजन सामग्री एवं सजावट सामग्री की दुकाने सज गई। पूरे नगर में छोटे- छोटे दुकानदार रंगोली, लक्ष्मी जी की फोटो एवं मूर्ति, रंग बिरंगी द्वार सजाने की मालायें, रंगोली बनाने वाली सामग्री, मिट्टी के दिया एवं दिया बत्ती व झाड़ू की दुकाने लगाए हुए है । छोटे दुकानदार झंडा चौक, शिवालय चौक, शांतिदूत तिराहा, पेट्रोल पंप के पास, स्टेशन मार्ग सहित अनेको स्थानों अपना व्यापार कर रहे है। सराफा बाजार, बड़े एवं छोटे वाहनों के शोरूम, बर्तन दुकानो व इलेक्ट्रॉनिक दुकाने, मिठाई की दुकाने सजी हुई। नगर में सराफा,झंडा चौक, शिवालय चौक, शुक्रवार बाजार में काफी रौनक नजर आ रही है। धनतेरस एवं दीपावली को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य मार्केट में बड़े वाहनों का प्रवेश निषेध होना अति आवश्यक है। स्थानीय प्रशासन को ध्यान देना होगा। नगर पालिका परिषद द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी त्योहारों पर लगने वाली दुकाने पुरानी गल्ला मंडी रामलीला मैदान में लगवाई जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख के निर्देशानुसार नगर पालिका के कर्मचारी शहर में सड़क किनारे लगने वाली दुकानों को व्यवस्थित तरीके से लगवा रहे हैं जिससे कि यातायात बाधित न हो। नगर की सफाई व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एसडीओपी रत्नेश मिश्रा, नगर निरीक्षक उमेश तिवारी ने त्योहारों पर खरीदारी के दौरान बाजारों में होने वाली भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए व्यवस्थित यातायात के लिए पुलिस बल को दिशा निर्देश दिए हैं, ताकि लोगों को परेशानी न हो।

छोटे दुकानदारों से खरीदारी कर बढ़ाये उनका उत्साह-नगर में छोटे-छोटे दुकानदार जो सड़कों के किनारे अपनी दुकाने सजाए हुए आस लगाए बैठे रहते हैं, ऐसे दुकानदारों से खरीददारी



कर उनका उत्साह बढ़ाते हुए दीपावली में उनकी खुशियों का ध्यान रखे जिससे उनकी दीपावली भी रोशनी से जगमगाने लगे।

नई गल्ला मंडी में लगेगा पटाखा बाजार-जवाहर कृषि उपज मंडी के सेड में प्रशासनिक गाइडलाइन के अनुसार पटाखे की दुकाने लगेगी । क्रमबद्ध तरीके से पटाखा व्यापारियों द्वारा दुकाने लगाने तैयारीया की जा रही है। नगर सहित ग्रामीण अंचलों से लोग आकर विभिन्न प्रकार के पटाखों की खरीददारी करने आते है। इस वर्ष आधुनिक पटाखे भी आये है। धनतेरस एवं दीपावली पर जमकर पटाखों की बिक्री देखी जाती है। पटाखा बाजार में दुकानदारों ने सीजफायर एवं रेत का इंतजाम कर अपनी अपनी दुकानों पर सुरक्षा की दृष्टि से करेगे। जवाहर कृषि उपज मंडी के सेड में फटाका बाजार लगने लगा है ।

दीपावली और धनतेरस दोनों महत्वपूर्ण पर्व-धनतेरस कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है। यह त्योहार भगवान धन्वंतरि की पूजा के लिए समर्पित है, जो स्वास्थ्य और धन के देवता हैं द्य दीपावली पर्व कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। यह त्योहार भगवान राम की विजय और भगवान कृष्ण की लीलाओं के लिए समर्पित है। दीपावली पर लक्ष्मी पूजा. गणेश पूजा. दीये जलाना. लक्ष्मी और गणेश को अर्घ्य देना. पूजा के बाद भोग लगाना प्रमुख है।

राम नाम संग्रहालय समिति ने दुर्गा समितियों का किया सम्मान

गाडरवारा, देशबन्धु। नगर की रामलीला मैदान में राम नाम संग्रहालय समिति द्वारा नगर की दुर्गा उत्सव समितियां को सम्मानित करने का आयोजन किया गयाद्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। समिति के अध्यक्ष संजय गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष रीतेश राय को एवं समिति के सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। राम-राम संग्रहालय समिति के द्वारा उद्देश्यों को लेकर एक डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा जिले की संस्कारधानी गाडरवारा सामाजिक धार्मिक एवं सांस्कृतिक सरोकार वाली तपोभूमि है राम नाम संग्रहालय समिति के अध्यक्ष एवं समिति के सभी सदस्यों को मेरी ओर से बहुत-बहुत शुभकामनाएं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने कहा यह अद्भुत, अनूठा, कार्यक्रम है राम नाम लेने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। राम नाम संग्रहालय समिति के द्वारा नगर पालिका की प्रशासनिक व्यवस्था के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख, पुलिस प्रशासन व्यवस्था में थाना प्रभारी उमेश तिवारी को भी सम्मानित किया गया किया गया ।राम नाम संग्रहालय समिति के कोषाध्यक्ष रीतेश राय ने दुर्गा उत्सव समितियो का सम्मान और भव्यता के साथ प्रति वर्ष अनवरत जारी रहेगा सभी अतिथियों एवं विशेष सहयोगियों व नव दुर्गा समितियो के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एसडीएम श्रीमती कलावती बयारे, एसडीओपी रत्नेश मिश्रा, नगर ,के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सार-समाचार

मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की द्वितीय किस्त का वितरण 29 को

नरसिंहपुर, देशबन्धु। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 29 अक्टूबर को मंदसौर जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश के किसानों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की वर्ष 2024-25 की द्वितीय किस्त की राशि का वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत वर्ष में कुल 6000 रूपये की राशि तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है। इस संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने जिला, ब्लाक व ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में सांसद, विधायक और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। इन कार्यक्रमों में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रोजेक्ट व एलईडी के माध्यम से किया जाए। जिले के सभी हितग्राही बेवकास्ट लिंक के माध्यम से जुडकर कार्यक्रम को देखने व सुनने के लिये व्यापक प्रचार- प्रसार व अन्य व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये।

श्रद्धांजलि सभा आज

नरसिंहपुर, देशबन्धु। वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र शर्मा पंडा जी को आज 28 अक्टूबर को शाम 4 बजे सदर मडिया के पास स्थित शगुन गार्डन में श्रद्धांजलि दी जाएगी। श्रद्धांजलि सभा में सभी से उपस्थित की अपील की गई है। उल्लेखनीय की श्री पंडा का 25 अक्टूबर को निधन हो गया था।

मंत्री पटेल ने किया गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा का अनावरण

नरसिंहपुर, देशबन्धु। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में श्री गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा का अनावरण प्रेस बरमान चौराहा करेली में शनिवार को किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के कुलपति डॉ. राजकुमार आचार्य ने की। कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद श्री कैलाश सोनी, विधायक तेंदूखेड़ा विश्वनाथ सिंह पटैल, विधायक गोटेगांव

महेन्द्र नागेश, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, पूर्व विधायक सुनील जायसवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह पटैल, नपा अध्यक्ष करेली श्रीमती सुशीला ममार व उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता नेमा अन्य जनप्रतिनिधि, प्रेस परिषद करेली के अध्यक्ष, सचिव, अन्य सदस्य और गणमान्य नागरिक, पार्षदगण, पत्रकारजन मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा के अनावरण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। जिसके उपरांत सभी अतिथियों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

मंत्री पटेल ने मंत्री ने दिव्यांगजनों को वितरित किए सहायक उपकरण

नरसिंहपुर, देशबन्धु। आज आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम को शासकीय नहीं माने बल्कि यह हमारी सामाजिक ज़िम्मेदारी को बताने वाला कार्यक्रम है। हमें यह देखना होगा कि इन कार्यक्रमों में हमारा कितना योगदान है। दिव्यांगजन अपने आप को कमतर नहीं आंकें। आपके भीतर अद्भुत प्रतिभा छिपी है। अपनी ताक़त को पहचानें। यह बात प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में कही। मंत्री श्री पटेल आर्टिफिशियल डिसेबिलिटी असिस्टेंस डेवलपमेंट (एडिप) योजना के तहत आयोजित सहायक उपकरण वितरण शिविर को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। यहां जिले की गोटेगांव, नरसिंहपुर व करेली विकासखंड के दिव्यांगजनों के लिए शिविर आयोजित किया गया था।

मोहपानी 27वे दिन धरना जारी, माकपा एवं किसान सभा के जिले के पदाधिकारी पहुंचे धरनास्थल

गाडरवारा, देशबन्धु। ग्राम पंचायत मोहपानी बिकास खंड चीचली में हुए भारी भ्रष्टाचार की जांच कर रिपोर्ट की मांग को लेकर आज 27वे दिन धरना जारी है धरना समाजसेवी संगठनों किसान सभा, आदिवासी एकता महासभा एवं स्ट्रिंगर 24के फाउंडर विक्रम सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है, ज्ञात हो धरना स्थल से 80 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय तक भ्रष्टाचार की अर्थी लेकर पदयात्रा करते हुए पहुंचे थे, जहां प्रशासन ने कलेक्ट्रेट पहुंचने के पूर्व न्यायालय के पास रोक दिया था, प्रदर्शनकारी रोड़ पर ही धरने पर बैठ गए थे, जिला प्रशासन ने 5 दिन के अन्दर जांच कर प्रदर्शनकारियों को जांच रिपोर्ट देने का बादा किया जिससे जिले से वापिस आकर धरना स्थल पर ग्राम में धरना जारी है। जो की 27 दिन बाद भी जाए है। मार्क्सवादी कम्युनिष्ट पार्टी के जिला सचिव जगदीश पटेल, किसान सभा पदाधिकारी भी समर्थन देने मोहपानी पहुंचे और वहां से जनपद सीईओ एवं एस डी एम महोदय गाडरवारा को ज्ञापन सौंपकर तत्काल जांच कर जांच रिपोर्ट जारी कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा, ज्ञापन में उल्लेख किया है शीघ्र कार्यवाही नहीं होती तो ग्रामीणों के साथ माकपा, किसान सभा, आदिवासी एकता महासभा जनपद की तालाबंदी,चक्काजाम, आमरण अनशन करने मजबूर होगी। धरना स्थल पर समर्थन एवं जनपद, एसडीएम कार्यलय पर ज्ञापन सौंपने वालों में माकपा जिला सचिव जगदीश पटेल, जिला समिति सदस्य एवं वरिष्ठ नेता एन एस पटेल, किसान सभा उपाध्यक्ष देवेंद्र वर्म, लीलाधर वर्मा, भैरों प्रसाद विश्वकर्मा, तुलसीराम श्रीवास, यदुराज वर्मा, विश्राम वर्मा, रामनारायण पटेल, गंगाराम बघेले, कालूराम वर्मा, भरत कौरव मौजूद रहे।

स्पोकन इंग्लिश कोर्स समाप्ति पर सर्टिफिकेट्स प्रदान किए

नरसिंहपुर, देशबन्धु। हम सभी जानते हैं कि, चाहे हम किसी भी क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहते हो परन्तु, उसके लिए अंग्रेजी भाषा का ज्ञान सबसे ज्यादा जरूरी है। हम जितने आत्मविश्वास से अंग्रेजी भाषा में वार्तालाप कर पाते उतना ही ज्यादा सामने वाले पर हमारे व्यक्तित्व का प्रभाव पड़ता है। इसलिए हर कोई अंग्रेजी भाषा का ज्ञान अर्जित करने के साथ-साथ उसे बोलने में भी प्रवीणता हासिल करना चाहता है जिसके लिए वह कहीं न कहीं जाकर उसे सीखता है। इस कार्य के लिए खान इंग्लिश वर्ल्ड संस्थान नगर में पिछले 25 साल से भी अधिक समय से सक्रिय और छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, गृहिणी व सभी जागरूक लोगों

को अंग्रेजी भाषा में दक्ष बनाने के लिए कृतसंकल्पित है। अभी हाल ही में वहां अनेक छात्र-छात्राओं ने अपना इंग्लिश स्पोकन टूडी कोर्स समाप्त किया जिसके उपलक्ष्य में संस्थान के संचालक मोहम्मद ताहिर खान के द्वारा प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम लेखिका, योग शिक्षिका व काया योग केंद्र की संस्थापिका सुश्री इंदु सिंह व खान इंग्लिश वर्ल्ड की होनहार छात्र और वर्तमान में दुबई में कार्यरत इमिग्रेशन अधिकारी परवीन बानो के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं जतिन दुबे, राजवीर दुबे, नमन ग्वालिया, वैदिक साहू, आदर्श सेन, मयंक विश्वकर्मा, शौर्य साहू, तनुज उमरे, शेख तारिक, सजल रैकवार व अन्य को अतिथियों के करकमलों से सर्टिफिकेट प्रदान किये गए और इसके अतिरिक्त उक्त कार्यक्रम में अतिथियों ने अपने प्रेरक उद्बोधन से उपस्थित विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन भी किया।

चौधरी सतेन्द्र प्रताप सिंह का निधन

करकबेल। समीपस्थ ग्राम बासनपानी के चौधरी परिवार के वरिष्ठ सदस्य चौधरी सतेन्द्र प्रताप सिंह का निधन हो गया ।आप स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चौधरी पुहुप सिंह के पुत्र थे ।उनकी अंत्येष्टि संपन्न हुई। फोटो।

चांदनखेड़ा व रायपुर में हुआ विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण

गाडरवारा, देशबन्धु। परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि जन प्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी क्षेत्र के लोगों से सतत संवाद करें। ग्राम पंचायत सचिव और रोजगार सहायक लोगों से मिले। मैं भोपाल से सीधे अपनी विधानसभा आता हूँ, ताकि लोगों को अपनी बात कहने में परेशानी नहीं हो और ना ही उन्हें इतंज़ार करना पड़े। यह बात मंत्री श्री सिंह ने जिले की ग्राम पंचायत चांदनखेड़ा में आयोजित लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम में कही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री सिंह ने कहा कि लोगों के जीवन की जरूरतें पूरा करने के लिए सरकार प्रयासरत है। पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अनेक क्षेत्रों में विकास के कार्य हो रहे हैं। क्षेत्र के नागरिकों के लिए समय पर और स्थानीय स्तर पर इलाज मिले, इसके लिए चांदनखेड़ा उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण किया जा रहा है। उप स्वास्थ्य केन्द्र बन जाने से लोगों के बीपी, शुगर, खून की जांच, गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण किया जा सकेगा। यहां विभिन्न प्रकार की दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध रहेंगी। उप स्वास्थ्य केन्द्र चांदनखेड़ा में भवन में लेबर रूम, जनरल वार्ड, वेटिंग रूम, डॉक्टर रूम, टॉयलेट एवं किचन रूम होगा।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार आमजन के हितों के लिए कृत संकल्पित हैं। यहां पंचायत भवन बन जाने से ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी तथा ग्राम पंचायत के विकास को गति मिलेगी। विकास कार्यों के साथ ही सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्य भी प्राथमिकता से किए जा रहे हैं। लोगों को बेहतर सेवाएं तथा केन्द्र व राज्य सरकार की ओर से संचालित योजनाओं की समय पर जानकारी हो सकेगी।

मंत्री श्री सिंह ने यहां 65 लाख रुपये की राशि से निर्मित होने वाले उप स्वास्थ्य केंद का भूमिपूजन और 23 लाख रुपये की राशि से निर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण किया। इन विकास कार्यों की सौगातें देने पर ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने आभार जताया।

मंत्री श्री सिंह ने डंगहा गांव में पंचायत भवन बनाने के लिए 30 लाख रुपये, हरिजन टोला में चबूतरा निर्माण एवं शेड के लिए 2.5 लाख रुपये देने की घोषणा भी मंच से की। इसी क्रम में उन्होंने सूखाखैरी से कोठिया (घोघरा मार्ग) एवं रायपुर डंगहा से घोघरा मार्ग लिए लगभग एक करोड़ रुपये की राशि के निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया। उन्होंने बताया कि इसका कार्य दीपावली के बाद प्रारंभ किया जायेगा। हरिजन टोला के लिए किये जाने वाले मार्ग की मरम्मत एवं दीवाल निर्माण कार्य के लिए 15 लाख रुपये प्रदान करने की भी घोषणा की। मंत्री श्री सिंह ने ग्राम रायपुर में 49.14 लाख रुपये की राशि के उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का लोकार्पण किया। शासकीय हाई स्कूल के लिए 2 अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 12- 12 लाख रुपये, स्कूल में ऑडिटोरियम निर्माण के लिए 20 लाख रुपये और सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 25 लाख रुपये देने की घोषणा भी की।

गरबा की रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ शरदोत्सव का समापन

रोटरी क्लब ऑफ नरसिंहपुर सिटी एवं एमआईएमटी गर्ल्स विंग का आयोजन

नरसिंहपुर, देशबन्धु। एमआईएमटी महाविद्यालय परिसर में शरद ऋतु के आगाज के साथ ही शरदोत्सव का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की गर्ल्स विंग एवं रोटरी क्लब ऑफ नरसिंहपुर सिटी के संयुक्त तत्वाधान में शरदोत्सव 2024 का शुभारंभ प्रहलाद सिंह पटेल, मंत्री मध्यप्रदेश शासन के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में राव उदयप्रताप सिंह, मंत्री मध्यप्रदेश शासन की अध्यक्षता पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कैलाश सोनी, पूर्व राज्यसभा सांसद, जालम सिंह पटेल, पूर्व राज्य मंत्री, संजय शर्मा, पूर्व विधायक, अखिल मिश्रा, रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, मैथिलीशरण तिवारी, वरिष्ठ समाजसेवक, सुनील जायसवाल, पूर्व विधायक, सुनील फाटक, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर उपस्थित रहें। मुख्य अतिथि मंत्री श्री पटेल ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए सांस्कृतिक

कार्यक्रमों को भारत की सांस्कृतिक विरासत बताया। मंत्री श्री सिंह ने शरदोत्सव को मातृशक्ति की आराधना का पर्व बताते हुये सांस्कृतिक कार्यक्रमों को समग्र व्यक्तित्व विकास का श्रेष्ठ माध्यम बताया। स्वागत भाषण संस्था चेयरमैन एवं पूर्व अस्टिंट गवर्नर रोटरी इंजी. रूद्रेश तिवारी ने दिया। अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन रोटे. प्रसून धौरेलिया, अस्टिंट गवर्नर, रोटे. सुमित जायसवाल, अध्यक्ष, रोटे. संजय मानसाता, रोटे. अतुल लूनावत, रोटे. विपिन महाजन, रोटे. कैलाश चावला, रोटे. मयंक साहू, रोटे. मनीष जैन, रोटे. संजय चावला, रोटे. नीरव मानसाता द्वारा किया गया। एन.सी.सी. कम्पनी द्वारा मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम अध्यक्ष को गॉर्ड ऑफ आनर दिया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों की उपस्थिति में सुश्री लक्ष्मी मणी शास्त्री, प्रतिमा तिवारी, संध्या कोठारी, कृष्णा तिवारी एवं प्रतिमा महाजन द्वारा गणेश एवं करवा पूजन से किया गया। समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मातृ शक्तियों को उत्कृष्ट सेवा सम्मान प्रदान किया गया। इस क्रम में सुश्री लक्ष्मी मणी शास्त्री, प्रतिमा तिवारी, संध्या कोठारी, स्वाति चांदोरकर, कृष्णा शर्मा, श्रीमती बबिता जाट, सोनाली धौरेलिया, भारती ठाकुर को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। निर्णायक की भूमिका में गीता बेदी, तनुजा पालीवाल, नीरू जोशी, कामनी दुबे, सीमा जैन, स्वाति जायसवाल, श्रीमती भारती पटवा, रचना त्रिवेदी, साधना राय, शिखा पटेल, डॉ. दीपिका शर्मा, चेतना दुबे रहीं। कार्यक्रम का संचालन आराधना दुबे, स्वाति जैन एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग द्वारा किया गया।

ये हुए पुरस्कृत-प्रतियोगिताओं में विजेताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। गरबा प्रतियोगिता में कला एवं समाज कार्य विभाग को प्रथम स्थान, शिक्षा संकाय को द्वितीय तथा विज्ञान संकाय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। मेहंदी प्रतियोगिता में रिशिता बुन्देला, पूजा सोनी, नितिशा शिवात्री को क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। फूड स्टॉल में कृति विश्वकर्मा, फिजा खान, अमृता पटेल को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। एन.सी.सी. कम्पनी की छात्राओं द्वारा आयोजित लकी ड्रॉ में आयुषी सोनी को विजेता घोषित किया गया। रोटरी फीमेल विंग द्वारा घोषित माँ बेटी पुरस्कार मनुजा सराफ एवं माही को प्रदान किया गया।

स्कूल शिक्षा की स्थाई शिक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

नरसिंहपुर। स्कूल शिक्षा की स्थाई शिक्षा समिति की बैठक डाईट सभागार नरसिंहपुर में सभापति श्रीमती अनीता ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा विभाग से संबंधित आय-व्यय, मंडल परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण, शालाओं की मॉनीटरिंग, शालाओं को प्रदाय वार्षिक अनुदान, शिक्षक विहीन शालाओं की जानकारी तथा अतिथि शिक्षक और अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। स्थाई शिक्षा समिति सभापति श्रीमती ठाकुर ने आईटीसी लेब, रिक्त पद, शारीरिक शिक्षा, आरटीई, ड्रॉप बॉक्स जैसे बिंदुओं पर चर्चा की गई। हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल में व्यवसायिक शिक्षा अतंर्गत कोडिंग विद्यार्थियों की जानकारी देने और उनके किट का उपयोग करने पर जोर दिया। शालाओं में कोडिंग की शिक्षा के लिए प्रस्ताव तैयार करने के लिए कहा गया।

मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए